# समाज की प्रगति से ही देश की तरक्की संभव : शिवराज

## रवीन्द्र भवन में किरार समाज के दीपावली मिलन- सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री ने कहा

**भोपाल, 16 नवंबर. अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा का दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह आज रवीन्द्र भवन में आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान ने की. विशेष अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौहान एवं गुना जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ मौजूद रहे.**

प्रदेशभर से समाजबंधुओं ने कार्यक्रम में शिरकत की. महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने स्वागत भाषण में संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला. संयोजक राधेश्याम धाकड़ ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी दी. समारोह में महासभा द्वारा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ सहित समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया. इसके साथ ही एमपीपीएससी 2025 में चयनित समाज के आठ युवाओं, बोर्ड परीक्षाओं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों, जैविक खेती करने वाले चार प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया. समारोह में समाज के कमजोर वर्ग के चार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए.




रवीन्द्र भवन में रविवार को किरार समाज के दीपावली मिलन, सम्मान समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उनकी पत्नी साधना सिंह और समाज के प्रगतिशील किसानों एवं मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया.

> राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान ने शिक्षा, सामाजिक एकता एवं प्रगति पर केंद्रित उद्बोधन दिया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने आयोजन की सराहना की और कहा कि समाज की प्रगति संवाद, मेलजोल एवं सहयोग से ही संभव है. समाज की प्रगति से ही देश की प्रगति सुनिश्चित होती है. कार्यक्रम के अंत में महासभा के महामंत्री एड. तुलसीराम पटेल ने आभार व्यक्त किया. आयोजन में सुरजीत सिंह चौहान, ब्रजेश चौहान, रणजीत सिंह चौहान, संजय चौहान, जयदेव चौहान, अरविंद धाकड़ सहित अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे.



## डॉक्टरों ने दिया स्वस्थ्य रहने का संदेश

### रन मेडिक्स रन

**भोपाल, 16 नवंबर. विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर रविवार को टीटी नगर स्टेडियम में रन मेडिक्स रन का आयोजन किया गया.**

इस पहल का उद्देश्य भोपाल की जनता को मधुमेह से बचाव, सक्रिय जीवनशैली और स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने के प्रति जागरूक करना था. आरएसएसडीआई मध्यप्रदेश शाखा, गांधी मेडिकल कॉलेज एलुमनाई संघ, भारतीय चिकित्सा संघ और विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों के संगठनों द्वारा आयोजित दौड़ में रविवार सुबह शहर के 200 से अधिक डॉक्टर्स दौड़ में शामिल हुए, जिन्होंने टीटीनगर स्टेडियम के आंतरिक मार्ग पर दौड़कर भोपालवासियों को स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया.

## राष्ट्रभाषा प्रचार समिति ने पुरस्कारों के लिए बुलाई प्रविष्टियां

**भोपाल, 16 नवंबर.** मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा प्रतिवर्ष दिये जाने वाले पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं. समिति द्वारा नरेश मेहता वाङ्.मय सम्मान,शैलेश मटियानी कथा सम्मान, वीरेन्द्र तिवारी रचनात्मक सम्मान, सुरेश शुक्ल 'चन्द्र' नाट्य पुरस्कार, डॉ. प्रभाकर श्रोत्रिय आलोचना सम्मान, स्व. संतोष बत्ता पुरस्कार

उपुर्यक्त सभी पुरस्कारों के मूल्यांकन में पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2021 से 2024 तक प्रकाशित पुस्तकों पर विचार किया जाएगा. प्रविष्टि 15 दिसंबर तक मंत्री संचालक, म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, हिन्दी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002 के तथा मोबाइल नंबर 8602767427 पर भेजी जा सकती हैं. विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकेंगी.

## विद्या भारती की कार्यशाला में पाइपर बैंड बजाना सिखाया

**भोपाल, 16 नवंबर. विद्या-भारती, मध्यभारत प्रांत की घोष परिषद् द्वारा तीन दिवसीय प्रांत स्तरीय पाइपर बैण्ड की कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ. शुक्रवार को कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रांत घोष प्रमुख सतीश अग्रवाल एवं शारदा विहार के प्रबंधक डॉ. राजेश तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।**

भोपाल स्थित शारदा विहार आवासीय प्रकल्प में आयोजित उक्त कार्यशाला में मध्यभारत प्रांत की 05 इकाइयों से कुल 70 प्रशिक्षार्थी एवं आचार्य-दीदीयों ने सहभागिता की. उद्घाटन सत्र में भोपाल विभाग के घोष प्रमुख निखिल चौसरिया, वरिष्ठ-विभाग प्रमुख दीपक ताम्रकार सहित घोष के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे.अरविंद सोनकर, विशाल खरे, हेमरंजन सेन सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे. इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में घोष के प्रति रुचि, प्रतियोगिता की दृष्टि से निपुणता एवं सिद्धता प्राप्त कर स्वयं को स्त्रोत शिक्षक के रूप में विकसित करना था. पूनम रावत, अतुल्य राणा एवं माधुरी यादव ने वादकों को प्रशिक्षण दिया.



> कार्यशाला के दूसरे दिन शनिवार को प्रेरण सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्यभारत प्रांत के प्रांत घोष शिक्षण प्रमुख नितिन गर्ग ने सभी वादकों से पूर्ण तन-मन से ध्यान-केन्द्रित कर प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं नई रचनाओं के लिए भी तैयार करने के लिए अनुसंधान के लिए प्रेरित किया. इस प्रकार के वाद्यों का उपयोग भारतीय सेना द्वारा भी किया जाता है जिसके माध्यम से सीधे रोजगार भी प्राप्त कर सकते हैं.

## 65 देशों के एक हजार कलाकार और साहित्यकार आएंगे भोपाल

▶ विश्वरंग लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल 27 से 29 नवंबर तक

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 15 नवंबर. झीलों के शहर भोपाल में नवंबर का अंतिम सप्ताह साहित्य कला और विचारों के बड़े उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है. तीन दिवसीय विश्वरंग महोत्सव भोपालवासियों के लिए यादगार लम्बे संजोने वाला है.**

समारोह में 65 देशों से लगभग 1 हजार रचनाधर्मी, साहित्यकार, कलाकार और विचारक अपनी उपस्थिति देंगे. इस वर्ष समारोह की केंद्रीय थीम इक्कीसवीं सदी की चुनौतियां साहित्य संस्कृति और समाज रखी गई है. जिसका उद्देश्य बदलती दुनिया में साहित्य और कला की भूमिका पर गंभीर चिंतन को बढ़ावा देना है. विश्वरंग टैगोर इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल का यह सातवां संस्करण है. जिसका आयोजन 27 से 29 नवंबर तक रवीन्द्र भवन में किया जा रहा है. विश्वरंग में 28 नवम्बर को निवेश मार्गदर्शक अंकुर वारिकू और प्रसिद्ध गीतकार स्वानंद किरकिरे युवाओं से अपने अनुभव साझा करेंगे.



## सम्मान समारोह में गूंजा कलार समाज की एकता का संदेश

▶ कलचुरी भवन में सम्मान और आभार समारोह आयोजित

**भोपाल, 16 नवंबर. भगवान श्री सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल वाहन रैली और शोभायात्रा की सफलता के उपरांत रविवार को कलचुरी भवन में सम्मान एवं आभार समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा देने वाले समाजबंधुओं, युवा सदस्यों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया.**

कार्यक्रम में जन्मोत्सव शोभायात्रा के आयोजक एलएन मालवीया का कलचुरि सेना के अध्यक्ष कौशल राय के नेतृत्व में सेना के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. समारोह में मीडिया प्रभारी राजेश राय ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव पर जिस प्रकार समाज के हर वर्ग ने एकजुट होकर ऐतिहासिक शोभायात्रा में भाग लिया, उसने पूरे प्रदेश में कलचुरी एकता की मिसाल प्रस्तुत की है. कलचुरि सेना के अध्यक्ष कौशल राय ने कहा कि हमें वर्षभर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए, जिससे समाज के परिवार एक-दूसरे से जुड़ें, नई पीढ़ी में गर्व का भाव जागे और कलचुरी समाज की सामूहिक शक्ति और अधिक सशक्त हो.

> कलचुरी समाज तभी प्रगति करेगा. कार्यक्रम में महापौर मालती राय, भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, विंग कमांडर विनोद राय, डॉ. अनुपम चौकसे, सचिव, एलएनसीटी ग्रुप, वरिष्ठ समाजसेवी व शोभायात्रा के संयोजक एलएन मालवीय, राजाराम शिवहरे, पंकज चौकसे, कल्पना आईडी राय, राजन सेवईवार, उपाध्यक्ष विपिन चौकसे, संजय चौकसे, प्रमोद राय, लक्ष्मी नारायण चौकसे, सुधाकर राउत, प्रदीप राय, सहित बड़ी संख्या में कलचुरी सेना के सदस्य, वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे.

### एक नजर में



#### श्रद्धालुओं ने श्रमदान से संवारा मंदिर, की साफ-सफाई

**भोपाल.** पटेल नगर रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर में शनिवार और रविवार को भक्तों ने श्रमदान किया. संवारें अपने मंदिर को कार्यक्रम के तहत मंदिर से जुड़े भक्तों ने श्रमदान किया और सेवा कार्य किए. इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर की दीवारों की सफाई की और सभी भगवान को गुनगुने पानी से स्नान कराया गया. दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के शिवरतन नामदेव ने बताया है कि रविवार को सभी भगवान को नवीन वस्त्र, ऊनी वस्त्र पहनाए गये एवं बागवानी की साफ-सफाई भक्तों ने दोपहर 12 बजे से शाम 4:30 बजे तक कर मंदिर में सेवा कार्य किया.

#### दुष्यंत संग्रहालय में काव्य पथ का आयोजन आज

**भोपाल.** शिवाजी नगर स्थित दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में सोमवार को काव्य पथ का आयोजन होगा, इसमें युवा अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वीणा सिन्हा करेंगी. मुख्य अतिथि बलराम गुमास्ता, विशिष्ट अतिथि मोहन सगोरिया होंगे. कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के छात्र कार्तिकेय पाण्डेय करेंगे. इस आयोजन में रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, एमएलबी कॉलेज, पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भेल कॉलेज, नूतन कॉलेज, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान और भोपाल स्कूल आफ सोशल साइंसेज के 35 विद्यार्थी रचना पाठ करेंगे.

## आज से बटेश्वर के दरबार में जलेगा अलाव

**भोपाल, 16 नवंबर.** श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट द्वारा सोमवार को सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का रुद्राभिषेक कर शीतलहर को देखते हुए अलाव जलाया जाएगा. समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रात:काल नियमित रुद्राभिषेक के बाद सायंकाल दूध एवं शकर से महा रुद्राभिषेक तथा फूलों से दिव्य श्रृंगार कर शीतलहर को देखते हुए बाबा के सामने अलाव जलाया जाएगा. प्रतिदिन उन्हें वस्त्र एवं शाल ओढ़ाई जाएगी. तिल- गुड़ से बने व्यंजनों का विशेष भोग अर्पित कर रात्रि 10 बजे महाआरती संपन्न होगी.

## एक ही कलाकार ने दिखाया समाज का आईना

### लिटिल बैलेट ट्रुप में नाटक कलिमा का मंचन

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल, 16 नवंबर. लिटिल बैलेट ट्रूप के रागबंध सभागार में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित आदर्श नाट्य समारोह के अंतिम दिन एक यादगार प्रस्तुति देखने को मिली. हम थियेटर ग्रुप भोपाल द्वारा सादात भारती के निर्देशन में सआदत हसन मंटो की चर्चित कहानी पढ़िए कलिमा का मंचन हुआ.**

प्रस्तुति की सबसे बड़ी विशेषता में पूरा मंचन अकेले अभिनेता बालेंद्र सिंह बालू ने संभाला. अकेले कलाकार के रूप में उन्होंने न केवल कथा को जीवंत किया बल्कि अपने भावपूर्ण अभिनय से दर्शकों को भीतर तक प्रभावित कर दिया. उनके हावभाव संवादों की लय और स्थितियों के बीच आने वाले मौन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया.



**नाटक की कहानी**

सआदत हसन मंटो की कहानी पढ़िए कलिमा एक ऐसे व्यक्ति के संघर्ष को सामने लाती है जो जीवन और मृत्यु के बीच की अंतिम दहलीज पर खड़ा है. उसके आसपास फैला साम्प्रदायिक तनाव और भीतर का डर मिलकर उसे कश्मकश में डाल देता है. वह अपने अतीत को टटोलता है और उन परिस्थितियों को समझने की कोशिश करता है जिन्होंने इंसान के भीतर के इंसान को दबा दिया है. कहानी मृत्यु के क्षणों से गुजरते हुए जीवन के अर्थ को पकड़ने की कोशिश करती है और अंत में दर्शक को एक बेचैन प्रश्न सौंपकर आगे बढ़ जाती है.

**संस्कृति** | चार दिवसीय केरला महोत्सव का समापन, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह भी हुए शामिल

## केरल की संस्कृति से रूबरू हुए भोपालवासी



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 16 नवंबर. चार दिवसीय सांस्कृतिक समृद्धि के शानदार प्रदर्शन के साथ केरला महोत्सव का समापन रविवार शाम को हुआ. महोत्सव के अंतिम दिन दर्शकों की भीड़ व्यंजनों की दुकानों सहित केरला के मसालों और सुपर मार्केट में दिखी.**

बड़ी संख्या में लोग केरल के मसालों और रेडी टू ईट वस्तुओं को खरीदते हुए नजर आए. उत्सव के आखिरी दिन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, मलयालम फिल्म निर्देशक वरुण पहुंचे. दिग्विजय सिंह ने यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन को केरल की कलात्मक विरासत को भोपाल तक लाने के लिए बधाई दी. साथ ही सभी कलाकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सराहना भी की. उत्सव की सफलता पर यूएम के अध्यक्ष ओ.डी. जोसेफ ने भोपालवासियों द्वारा केरल फेस्ट को मिले उत्साह को प्रेरणादायी बताया. महोत्सव के समापन के अवसर पर शास्त्रीय और लोकनृत्य प्रस्तुतियों ने भारत की विविध कलात्मक परंपराओं का सजीव प्रदर्शन किया. जिसके बाद कथकली की मोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को केरल की शास्त्रीय नृत्य-नाट्य परंपरा के सौंदर्य से रूबरू कराया. कलाकारों के रंग-बिरंगे परिधानों, श्रृंगार और रामायण व महाभारत जैसे महाकाव्यों पर आधारित अभिनय ने दर्शकों को आध्यात्मिकता से जोड़ दिया.







## बच्चों ने कैनवास पर भरे कल्पनाओं के रंग

### 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग स्पर्धा में 2700 बच्चों ने बनाए चित्र

**भोपाल, 16 नवम्बर. भोपाल, रायसेन, औबेदुल्लागंज, मंडीदीप से स्कूलों के 2700 बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति, सृजनात्मकता और रंगों की भाषा से आज स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर को जीवंत बना दिया.**

विश्वरंग, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 7 वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 2025 सम्पन्न हुई. इसमें कक्षा 3 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरा. बच्चों ने नारी शक्ति, स्पेस टेक्नोलॉजी, प्रकृति, धर्म-आध्यात्म, (हनुमान जी, राधा-कृष्ण, शिव जी, प्रेमानंद जी, सनातन संस्कृति), डिजिटलीकरण और तकनीक, पोर्ट्रेट, जानवरों की कलाकृतियाँ, कार्टून कैरेक्टर्स, मांडना आर्ट, जैसे विषयों पर पेंटिंग्स प्रस्तुत कीं.